CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 31-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDFP User: cci Time: 03-30-2026 17:53 Color:

नवभारत टाइम्स NBT

# Delhi Times

OF INDIA

TUESDAY, MARCH 31, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT
PROMOTIONAL FEATURE

masala mix



अजय देवगन की फिल्म दृश्यम का स्पैनिश में बनेगा रीमेक

## OTT ने छोटे ऐक्टर्स को स्टार बना दिया: दिव्या दत्ता




गौरव खरे

दिव्या दत्ता ने इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली के एक सेशन के दौरान OTT में महिलाओं की भूमिका पर खुलकर बात की। दिव्या ने कहा, 'मुझे लगता है कि ओटीटी आज सबको मौका दे रहा है। पहले इंडस्ट्री में कास्टिंग डायरेक्टर का कॉन्सेप्ट नहीं होता था। उस समय होता यह था कि तू भी आजा, वह भी आ जाए। एक ही किरदार आपको हर जगह दिखता था, वे ही कॉमिडी करेंगे, वे ही विलन होंगे, वे ही हीरो होंगे, लेकिन हिरोइनें बदल जाती थीं। अब आप देखेंगे हर चीज अलग हो गई है। मैं एक शो देख रही थी और मैंने पूछा कि क्या उन्होंने कोई गांव का ही आदमी ले लिया है शो में? तो उन्होंने कहा, नहीं मैम यह ऐक्टर है। दरअसल, मैं कास्टिंग में किसी के साथ बैठी हुई थी, वहां बात हो रही थी कि क्या उस लड़के को लीड में ले लें। उसने एक फिल्म में छोटा सा रोल किया था। जबकि एक समय था जब लोग कहते थे कि टीवी के कलाकार फिल्मों में नहीं आ सकते और जो छोटे रोल करते हैं, वह बड़े रोल नहीं कर सकते। अब वह लाइन खत्म हो गई है। अब अगर आप अच्छे हैं और आप उस रोल को सूट करते हैं तो आप हैं।'

> एक समय था जब लोग कहते थे जो छोटे रोल करते हैं वो बड़े रोल नहीं कर सकते। अब वो लाइन खत्म हो गई है

## 'मेरा मूल मंत्र है कि बच्चों और खुद को खुश रखो'




अक्षय कुमार

रेखा खान

तकरीबन 36 साल के लंबे करियर में अक्षय कुमार हर तरह के किरदार में नजर आए हैं। एक्शन से लेकर कॉमिक जॉनर हो या फिर मुद्दे वाली फिल्में, अक्षय लगातार अपने काम में नए-नए एक्सपेरिमेंट करते चले गए। फिल्मों के साथ उन्होंने घरेलू फ्रंट पर भी अच्छा-खासा संतुलन साधा। जब हमने उनसे पूछा कि युवा और टीनेज बच्चों के पिता (23 साल के बेटे आरव और 14 साल की बेटी नितारा) होने के नाते वह किन तरह की चुनौतियों का सामना करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, 'मैं इसे चुनौती की तरह नहीं देखता। मैं तो यही देखता हूं कि बच्चे बड़े हो रहे हैं और वे खुश हैं। मेरा मूल मंत्र है, बच्चों को खुश रखो और खुद भी खुश रहो।' अक्षय का कहना है कि

> मेरा मानना है कि पैसों को तवज्जो न देकर खुशियों पर फोकस करो। मुझे लगता है, हम काम करते हैं, तो उसमें भी खुशी का होना जरूरी है

वह रोल से ज्यादा फिल्म को महत्व देते हैं। वह कहते हैं, 'क्या जरूरत है रोल के छोटे बड़े होने पर लड़ने-झगड़ने की! मैं खुद को अहमियत देने के बजाय फिल्म को महत्व देता हूं। अब जैसे धुरंधर का ही उदाहरण ले लो, अगर उसमें कोई छोटा रोल भी होता, तो मैं कर लेता।'



बेटे आरव के साथ अक्षय की पत्नी ट्विंकल खन्ना

### 'पत्नी का लिखा कुछ भी नहीं पढ़ता'

जिंदगी में खुश रहने का अक्षय का अपना नजरिया है। वह कहते हैं, 'मैंने अपनी जिंदगी और दुनिया से एक चीज सीखी है कि तब घर में पैसे नहीं होते थे, मगर खुशी होती थी। मैंने यही सोच अपनाई है। मेरा मानना है कि पैसों को तवज्जो न देकर खुशियों पर ज्यादा फोकस करो।' घर में लेखिका पत्नी ट्विंकल को कैसे मैनेज करते हैं? इसके जवाब में वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'उनके लिखे हुए को न पढ़ कर। (हंसते हैं) मुझसे उनका लिखा हुआ पढ़ा नहीं जाता। वह इतनी ज्यादा इंटेलिजेंट हैं कि मैं पढ़ ही नहीं पाता। असल में वह जो लिखती हैं, मैं उसे वैसे ही सुन लेता हूं।'

**Buzzstop**

## सोनम ने दिया बेटे को जन्म



**सोनम कपूर** और आनंद आहूजा एक बार फिर माता-पिता बन गए हैं। उन्होंने 29 मार्च 2026 को अपने दूसरे बेटे का स्वागत किया। इसकी जानकारी फैंस से साझा करते हुए कपल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हम अपने बेटे के आगमन की घोषणा कर रहे हैं। परिवार में नए सदस्य के आने से खुशियां बढ़ गई हैं।' कपल ने आगे लिखा, 'हमारा बड़ा बेटा वायु अपने छोटे भाई के आने से बेहद खुश है।'



CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 31-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDSK User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 03-30-2026 16:56 Color:

A TATA Product

VOLTAS


# 1.5 Tr. का एसी खरीद रहे हैं?

## देखिए आपको क्या मिल रहा है

**OTHER BRAND**

1.5 Tr. की उम्मीद हैं,
पर कूलिंग क्षमता कम मिलती है,
सिर्फ **4400W.**



**4400W ≈ 1.25 Tr. कूलिंग**
**कम ठंडक, कम आराम.**

**VOLTAS**

असली 1.5 Tr.,
**5000W+** की दमदार
कूलिंग कैपेसिटी के साथ.




- जैसा वादा, वैसी ही ठंडक
  ताकतवर और बराबर चलने वाली कूलिंग.
- भारतीय मौसम के लिए बना
  तेज़ गर्मी में भी बेहतरीन परफॉर्मेंस.
- बिना किसी समझौते की कूलिंग
  जितना खर्च, उतनी ही ठंडक.

**VOLTAS चुनिए**
**5000W+ की असली कूलिंग कैपेसिटी के साथ.**

India's NO. 1 AC Brand

**VOLTAS – A TATA Enterprise का, भारत का सबसे भरोसेमंद ब्रांड.**

Visit us at www.voltas.com
To locate your nearest store,
log on to:www.voltas.com/apps/store-locator

Voltas 24x7 Customer Service - 1860 599 4555, 9650694555
For product registration, SMS <WTA> to 9289525321
Buy only genuine Voltas stabilizers.

Follow us at: My Voltas | My Voltas | My Voltas | Voltas Limited - A TATA Enterprise | My Voltas

Disclaimer: Cooling capacities shown are based on standard test conditions and are approximate indicators only. Actual performance may vary depending on room size, installation, ambient conditions and usage patterns. Other brand figures are indicative third-party data used purely for comparative illustration. Always refer to the product's BEE label and technical specifications for exact watt for cooling capacity (100%). Voltas terms and conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 31-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 03-30-2026 15:57 Color:



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in